# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 14.12.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1.शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने व मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना ठाकुरद्वाराः-**

अवगत कराना है दि0 24.11.2024 को वादिनि निवासी थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी को अपने परिजनों के घर शादी का झांसा देते हुये बुलाकर दुष्कर्म करने,विरोध करने पर परिजनों के साथ मिलकर वादिनी के साथ मारपीट करने आदि के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0-516/2024 धारा-64(2)m/65(1)/115(2)BNS व 4(2)/5L/6/11V/12 पोक्सो एक्ट व 66E आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में साक्ष्य संकलन,बयानों,विवेचनात्मक कार्यवाही के आधार पर आज दिनांक 14.12.2024 को नि0अ0 श्री संजय कुमार थाना ठाकुरद्वारा ने मय हमराही पुलसिबल के आरोपी मौ0 शाकिब उर्फ शाका पुत्र रईस निवासी ग्राम फौलादपुर थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद को गिरफ्तार किया।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

मौ0 शाकिब उर्फ शाका पुत्र रईस निवासी ग्राम फौलादपुर थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद ।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

नि0अ0 श्री संजय कुमार थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद।

का0 मनीष कुमार थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद।

**2.लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुषकर्म करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना मझोलाः-**

अवगत कराना है दिनांक 09.12.2024 को वादिनी निवासी थाना मझोला क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी की लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0-1081/24 धारा-137 (2) BNS पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में लड़की को सकुशल बरामद करते हुये विवेचनात्मक कार्यवाही,साक्ष्य संकलन,बयानों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-87/64 BNS व धारा- 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। आज दिनांक 14.12.2024 को उ0नि0 श्री ओंकार सिंह थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी विनीत पुत्र बिट्टू निवासी ग्राम श्याम सिंहपुर उर्फ भूड़ी थाना बिलारी,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया ।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

विनीत पुत्र बिट्टू निवासी ग्राम श्याम सिंहपुर उर्फ भूड़ी थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री ओंकार सिंह थाना बिलारी,मुरादाबाद। 2.हेड कांस्टेबल दीपक गौतम थाना बिलारी,मुरादाबाद।

### 3.महिला के साथ दुष्कर्म करने ,गर्भवती होने पर दवाई खिलाकर गर्भपात करने व मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार,थाना मझोलाः-



अवगत कराना है दिनांक 12.12.2024 को वादिनी निवासी थाना मझोला क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ दुष्कर्म करने ,गर्भवती होने पर दवाई खिलाकर गर्भपात कराने तथा शिकायत करने पर मारपीट करते हुये जान  से मारने की धमकी देने आदि संबंध में थाना मझोला पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0-1084/24 धारा-69/115(2)/351(2) BNS पंजीकृत किया गया । उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 14.12.2024 को म0उ0नि0 श्री सतेन्द्र कुमार थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी नाजिम पुत्र मेंदी हसन निवासी ग्राम मई थाना चन्दौसी,सम्भल को गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तः-

नाजिम पुत्र मेंदी हसन निवासी ग्राम मई थाना चन्दौसी,सम्भल

### गिरफ्तार करने वाली टीमः-

व0उ0नि0 श्री सतेन्द्र कुमार थाना मझोला,मुरादाबाद।

हेड का0 जगवीर  थाना मझोला,मुरादाबाद।

हे0का0 संदीप थाना मझोला,मुरादाबाद।

### 4. मारपीट व जानलेवा हमला करने की एक अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार, थाना मझोलाः-



अवगत कराना है कि दिनांक 05.12.2024 को वादी महिपाल पुत्र श्री सिपाही सिंह निवासी एकता कालौनी लाइनपार लाखन सिहं की चक्की के पास मुरादाबाद ने अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा वादी के पुत्र के साथ मारपीट व जानलेवा करने के सम्बन्ध में थाना मझोला पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-1066/2024 धारा-109(1),351(2),352,126(2),190,191(2),191(3)बीएनएस पंजीकृत कराया। उक्त संबंध मे पूर्व मे एक आरोपी अमन को गिरफ्तार किया जा चुका है। आज दिनांक 14.12.2024 को मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आयी अभियुक्ता अल्का ठाकुर पुत्री जोगेन्द्र सिंह निवासी एकता कॉलोनी सरगम मेडीकल के पीछे थाना मझोला,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्ताः-

अल्का ठाकुर पुत्री जोगेन्द्र सिंह निवासी एकता कॉलोनी सरगम मेडीकल के पीछे थाना मझोला,मुरादाबाद ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

उ0नि0 श्री मनीष कुमार थाना मझोला,मुरादाबाद।

म0उ0नि0 मोनिका चौधरी थाना मझोला,मुरादाबाद।

हेड का0 शोभिन्द्र सिंह थाना मझोला,मुरादाबाद।

का0 शैलेन्द्र  थाना मझोला,मुरादाबाद।

## 5-अवैध चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना मझोला:-



अवगत कराना है आज दिनांक 14.12.2024 को उ0नि0 श्री देवेन्द्र सिंह थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी पवन गज्जू पुत्र गंगाराम निवासी एकता कालोनी थाना मझोला, मुरादाबाद को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध मे थाना मझोला पर मु0अ0सं0-1091/24 धारा-4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तः-

पवन गज्जू पुत्र गंगाराम निवासी एकता कालोनी थाना मझोला, मुरादाबाद

### बरामदगीः-

एक अवैध चाकू

### गिरफ्तार करने वाली टीमः--

उ0नि0 श्री देवेन्द्र सिंह थाना मझोला,मुरादाबाद।

हेड का0 रविकान्त थाना मझोला,मुरादाबाद।

हे0का0 सचिन कुमार थाना मझोला,मुरादाबाद।

## 6-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 04 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 13.12.2024 की रात्रि को थाना गलशहीद पुलिस द्वारा 03 आरोपीगण तथा आज दि0 14.12.2024 को थाना डिलारी पुलिस द्वारा 01 आरोपी को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण विवरणः-



1.विकास कुमार पुत्र राजवीर सिंह नि0 ग्राम मढन असमोली जनपद सम्भल हाल पता लाकडी थाना मझौला जनपद मुरादाबाद

2. आदर्श दुबे पुत्र विनोद दुबे नि0 बीकापुर रोहारी थाना हेदरगंज जनपद अयोध्या

3. प्रमोद कुमार पाण्डे पुत्र रामसंजीवन पाण्डे नि0 ग्राम गोहानी खुर्द पाण्डेकापुरा थाना अयोध्या।

4. सचिन कुमार पुत्र रामआसरे नि0 ग्राम ढकिया पीरू थाना डिलारी,मुरादाबाद।